हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 06 जून 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा, तकनीक, नवाचार व आधुनिकता के इस दौर में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण समय की मांग है।

2. हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने विपक्ष द्वारा प्रदेश के कानून-व्यवस्था पर उठाए जा रहे सवालों को खारिज किया।

3. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अंक सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन हेतु अंतिम तिथि कल तक बढ़ाई।

4. सिरसा में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने योग प्रशिक्षकों को सम्मानित किया।

5. फिट इंडिया फिट हरियाणा अभियान के तहत कल सुबह पलवल मे 'साइकिल ऑन संडे' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

---

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि तकनीक, नवाचार व आधुनिकता के इस दौर में सबसे बड़ी आवश्यकता है कि युवाओं को समय की मांग के अनुसार कौशल प्रशिक्षण मिले।

वे आज पानीपत जिले के समालखा कस्बे में सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र के वार्षिक स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विश्व तेजी से बदल रहा है, ऐसे में यहां कौशल विकास केंद्र की स्थापना युवाओं को बदलते युग में खुद को स्थापित करने में मददगार होगी। केंद्र द्वारा श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ कौशल प्रशिक्षण के लिए समझौता किए जाने पर मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह केंद्र हजारों युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने का माध्यम बन रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि 21वीं सदी भारत के युवाओं की सदी है। यदि युवाओं को सही कौशल, सही अवसर और सही मार्गदर्शन मिले , तो वे न केवल अपने परिवार की तकदीर बदल सकते हैं बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में विकसित भारत का जो संकल्प देश ने लिया है, उसकी मजबूत नींव हमारे गांव ही हैं। उन्होंने कहा कि यह सबके लिए गर्व का विषय है कि यह केंद्र आसपास के 100 गांवों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। यह प्रयास गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ।

केंद्र में किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिए जाने की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने दोहराया कि प्राकृतिक खेती करने वाले पात्र किसानों के लिए देसी गाय पर मिलने वाली सब्सिडी को बढ़ाकर 30 हजार रुपये कर दिया गया है। क्योंकि जीवामृत, घनजीवामृत और प्राकृतिक खाद तैयार करने में देसी गाय महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि भंडारण और प्रसंस्करण के लिए चार ड्रम खरीदने हेतु प्रत्येक किसान को 3 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। यह सहायता किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के साथ-साथ खेती को अधिक व्यवस्थित बनाएगी।

अश्विनी कुमार शर्मा, चंडीगढ़

---

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा  ने आज अपने जींद आवास पर जन दरबार लगाकर आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान पहुंचे लोगों की शिकायतों का अधिकांश मौके पर ही निपटान किया गया। जन दरबार में पुलिस सहित तमाम विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

विधानसभा उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए। जन दरबार के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने विपक्ष द्वारा प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर उठाए जा रहे सवालों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार अपराधियों के खिलाफ सख्ती से काम कर रही है।

देश के विभाजन और 'रिफ्यूजी' शब्द के इस्तेमाल पर बोलते हुए विधानसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि हमारे पूर्वजों के लिए 'रिफ्यूजी' शब्द का इस्तेमाल पूरी तरह गलत और ठेस पहुंचाने वाला है। लोग किसी दूसरे देश से नहीं, बल्कि अपने ही देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में आए थे। हमारे बुजुर्गों ने अपना धर्म नहीं छोड़ा और धर्म की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

कॉकरोच पार्टी पर तंज कसते हुए विधानसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि  यह पूरा ढांचा सिर्फ सोशल मीडिया प्रबंधन पर टिका हुआ है। यह बहुत जल्द जनता के सामने ढेर हो जाएगा।

शिक्षा विभाग से जुड़े मुद्दों और विपक्ष द्वारा इस्तीफे की मांग पर उन्होंने कहा कि कुछ शरारती तत्वों की वजह से व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है, लेकिन सरकार पूरी तरह सतर्क है।

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई ने अंक सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 जून कर दी है। सीबीएसई ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि छात्र अब कल मध्यरात्रि तक अपने आवेदन जमा कर सकेंगे। इससे पहले, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 6 जून निर्धारित थी। सीबीएसई ने सभी पात्र छात्रों से बढ़ी हुई समय-सीमा का ध्यान रखते हुए निर्धारित अवधि के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

सिरसा में 21 जून को 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शहीद भगत सिंह स्टेडियम में मनाया जाएगा। इसको लेकर आज एक दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और योग क्रिया में भाग लिया। उन्होंने योग प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम के बाद कैबिनेट मंत्री ने मीडिया से भी रूबरू होते हुए कहा युवा ही नहीं सभी लोगों को योग को अपनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि योग दिवस से पहले प्रदेश भर में प्रोटोकॉल योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

रिफ्यूजी शब्द को लेकर लोगों में फैले रोष बारे पूछे गए सवाल पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि ऐसी बातों की वह निंदा करते हैं। कॉकरोच जनता पार्टी पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि यह केवल सोशल मीडिया में है उनका कोई वजूद नहीं है। पंजाब में होने वाले चुनाव पर कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज पूरे देश में जहां भी चुनाव हो रहे हैं, वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार जीत मिल रही है। उन्होंने कहा कि लोग भाजपा में अपनी आस्था दिखा रहे हैं पंजाब में भी चुनाव होने वाले हैं पंजाब की जनता भी भाजपा की ओर देख रही है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

फिट इंडिया फिट हरियाणा अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पलवल में पहली बार 'साइकिल ऑन संडे' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कल आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं एवं आमजन को फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता तथा सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। खेल मंत्री ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आज युवाओं से 'साइकिल ऑन संडे' कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के खेलमंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल की देवा बॉक्सिंग अकादमी मे तेज तूफान से हुई क्षति का निरीक्षण किया औरअकादमी की संचालक एवं अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर प्रियंका तेवतिया से मुलाकात कर सरकारद्वारा हर संभव मदद प्रदान करने का आश्वासन दिया।खेल मंत्री ने आश्वासनदिया कि खिलाडय़िों के प्रशिक्षण और खेल गतिविधियों पर किसी प्रकार का प्रभाव नहींपडऩे दिया जाएगा।

गौरव गौतम ने कहाकि यह अकादमी क्षेत्र के युवाखिलाडय़िों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिकानिभा रही है।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------